**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2285**
**उत्तर देने की तारीख : 12.02.2026**

**घरेलू विनिर्माण हेतु पीएलआई योजना के तहत ऋण**

**2285. श्री जगदीश शट्टरः**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ऋण तक पहुंच में सुधार करने, विनियामक बाधाओं को कम करने और प्रोत्साहन प्रदान करने (उदाहरण के लिए, घरेलू विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के माध्यम से) विशेष रूप से खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा जैसे क्षेत्रों में कोई उपाय करने पर विचार किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) से (ख) : सरकार ने घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 1.97 लाख करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ 14 प्रमुख क्षेत्रों के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) को अधिसूचित किया है। इन स्कीमों को उत्पादन में वृद्धि को प्रोत्साहित करने, अधिक निवेश आकर्षित करने, घरेलू विनिर्माण के स्तर में सुधार करने और इसमें प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए डिजाईन की गई हैं। प्रोत्साहन को वास्तविक उत्पादन और बिक्री के साथ जोड़कर, पीएलआई योजना एक नीतिगत ढांचा प्रदान करती है जो अधिसूचित योजनाओं के तहत कवर किए गए इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य विनिर्माण क्षेत्रों सहित चिन्हित क्षेत्रों में क्षमता विस्तार और प्रौद्योगिकी अपनाने का समर्थन करती है।

2 लाख करोड़ रुपए का वास्तविक निवेश प्राप्त किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 18.70 लाख करोड़ रुपए से अधिक का वृद्धिपरक उत्पादन/बिक्री हुई है, 12.60 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं और 8.20 लाख करोड़ रुपए का निर्यात हुआ है।

प्रोत्साहन दावों के संवितरण को पूरा करने और उसे सुविधाजनक बनाने के लिए, मंत्रालयों/विभागों ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें दावों के त्रैमासिक वितरण का प्रावधान शामिल है। इसके अतिरिक्त, नियामक संबंधी अनुमोदन पर तेजी से कार्रवाई करने के लिए राज्य सरकारों और मंत्रालयों के बीच प्रभावी समन्वय से परियोजना शुरू करने में लगने वाले समय में कमी आई है। संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा विकसित मानक संचालन प्रक्रियाओं ने प्रोत्साहन का दावा करने के लिए अनुपालन को कम कर दिया है। पोर्टल में शिकायत निवारण तंत्र के साथ-साथ पूर्ण ऑनलाइन दावा प्रक्रिया ने भी समय पर दावों के वितरण में सहायता प्रदान की है।

****